
# उसे जितनी तालियां मिलीं, उतने ही कोड़े मिलने चाहिए

*कमीडियन वीर दास ने अमेरिका में दिए अपने भारत विरोधी विवादित मोनोलॉग कॉमेंट के लिए भले माफी मांग ली हो, लेकिन लोगों का गुस्सा उनपर अब तक फूट रहा है। अपने कॉमेंट की वजह से कानूनी झमेलों में फंस चुके वीर दास पर अब भीष्म पितामह मुकेश खन्ना ने जमकर गुस्सा उतारा है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि जितनी तालियां वीर दास को मिलीं, उतने ही कोड़े हमारे देशवासियों की तरफ से उसे मिलने चाहिए।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुकेश खन्ना इस वीडियो में स्टैंडअप कमीडियन की गुस्ताखी बताते हुए अपना गुस्सा उतार रहे हैं। वह कह रहे हैं, यह कमीडियन जो अपने आपको वीर दास कहता है और समझता है कि वह सक्सेसफुल कमीडियन है, उसने स्टैंडअप कॉमिडी का नाम बदनाम कर दिया है। उन्होंने स्टैंडअप कॉमिडी के स्टैंडर्ड पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, ये वीरदास क्या प्रूव करना चाहता है कि उसमें इतनी हिम्मत है कि पूरे देश के खिलाफ बोल सकता है। और वह भी विदेशी धरती के हॉल में अपने देश का नाम बर्बाद और यहां की बुराई कर रहे हो? इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, हॉल में जितनी तालियां वीर दास को मिलीं , उतने ही कोड़े हमारे देशवासियों की तरफ से उसे मिलने चाहिए। विदेशी धरती पर अपने ही देश का अपमान करने वाले की हिम्मत पूरी तरह से तोड़ देनी चाहिए ताकि कोई भविष्य में ऐसी बात करने की जुर्रत ना कर सके।

बता दें कि वीर दास के उस यूट्यूब वीडियो पर इस वक्त बवाल मचा हुआ है जिसमें वह वॉशिंगटन डीसी के जॉन एफ कैनेडी सेंटर में परफॉर्मेंस दे रहे हैं। छह मिनट के इस वीडियो का टाइटल है 'I come from two Indias' यानी मैं दो भारत से आता हूं। वीडियो में वीर दास मौजूदा वक्त में देश की तमाम समस्याओं का जिक्र करते हैं। वह कोरोना से लड़ाई का जिक्र करते हैं, रेप की घटनाओं पर बात करते हैं। किसानों के प्रदर्शन को लेकर भी बात रखते हैं। सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा वीर दास के एक खास कॉमेंट पर फूटा है, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना शुरू हो गई। इतना ही वीर दास के बयान को देश विरोधी भी करार दिया गया और कहा गया कि उन्होंने अमेरिका में देश का अपमान किया है।







**सोनू सूद और तापसी पन्नू ने जताई खुशी**

पिछले काफी समय से केंद्र सरकार के विवादित कृषि कानूनों पर काफी हंगामा मचा हुआ है। किसान सालभर से ज्यादा समय से आंदोलनरत हैं और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तीनों कानूनों को वापस लिए जाने की घोषणा की है। तीनों कृषि कानूनों की वापसी पर लोग अलग–अलग तरह से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां कुछ लोग इसे किसान आंदोलन की जीत बता रहे हैं वहीं कुछ लोग इस पर निराशा जाहिर कर रहे हैं। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत भी कृषि कानूनों की वापसी पर निराश हैं।

कंगना ने तीनों कृषि कानूनों की वापसी पर नाराजगी और निराशा जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा है। कंगना ने लिखा, दुखद, शर्मनाक और बिल्कुल गलत...अगर संसद में बैठी सरकार के बजाय गलियों में बैठे लोग कानून बनाना शुरू कर दें तो यह भी एक जिहादी देश है...उन सभी बधाई जो ऐसा चाहते हैं।

बॉलिवुड ऐक्टर सोनू सूद ने तीनों कृषि कानूनों की वापसी का स्वागत करते हुए लिखा, किसान वापिस अपने खेतों में आएंगे, देश के खेत फिर से लहराएंगे। धन्यवाद नरेंद्र मोदी जी, इस ऐतिहासिक फैसले से किसानों का प्रकाश पूरब और भी ऐतिहासिक हो गया। जय जवान जय किसान।






## वीर दास के भारत विरोधी कॉमेंट के सपोर्ट में उतरीं काम्या पंजाबी

कमीडियन वीर दास  ने अमेरिका में दिए अपने भारत विरोधी विवादित मोनोलॉग कॉमेंट को लेकर इस वक्त चर्चा में हैं। जहां एक तरफ उनके देश विरोधी बयान को लेकर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज हो चुकी है और लोगों का गुस्सा उनपर फूट रहा है, वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो उनके बयान को सपोर्ट कर रहे हैं। ऐक्ट्रेस काम्या पंजाबी ने वीर दास के कॉमेंट के सपोर्ट में बोलती नजर आई हैं। काम्या पंजाबी ने कहा है, मैं इस बात से सहमत हूं कि भारत के दो साइड हैं। एक साइड ऐसा है जिसपर हमें इतना गर्व होता है कि उसके लिए हम मर–मिटने के लिए तैयार हैं और एक ऐसा भी साइड है जिसके लिए हम उम्मीद करते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं कि वो साइड चेंज हो जाए। इसलिए हां, इसमें गलत क्या है?  वीर दास लिखते हैं, वह वीडियो दो बहुत ही अलग भारत के द्वंद्व के बारे में एक व्यंग्य है। जैसे किसी भी देश के भीतर उजाला और अंधियारा, अच्छाई और बुराई होती है। इनमें से कोई भी बात किसी रहस्य की तरह नहीं है। यह वीडियो हम सभी से अपील करता है कि हम यह कभी न भूलें कि हम महान हैं। जो हमें महान बनाता है उस पर ध्यान केंद्रित करना कभी बंद न करें। बता दें कि वीर दास के खिलाफ मुंबई के बाद अब दिल्ली के तिलक मार्ग थाने में भी शिकायत दर्ज हो गई है।

## बाब बिस्वास में अभिषेक बच्चन ने बदला रूप

अभिषेक बच्चन के लीड रोल वाली फिल्म बॉब बिस्वास का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें अभिषेक बच्चन एक किलर बने हैं और बिल्कुल ही अलग लुक में नजर आ रहे हैं। बॉलिवुड ऐक्टर अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म बॉब बिस्वास पिछले काफी समय से चर्चा में है। अब फाइनली इसका ऑफिशल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में बॉब बिस्वास का कैरेक्टर कैसे बना यही दिखाया गया है। बॉब बिस्वास का कैरेक्टर 2012 में आई सुजॉय घोष की फिल्म कहानी में सामने आया था जिसमें उसका सामना विद्या बालन से होता है। कहानी में यह किरदार शाश्वत चटर्जी ने निभाया था। अब इस किरदार में अभिषेक बच्चन नजर आने वाले हैं। बॉब बिस्वास कोलकाता का मशहूर सुपारी किलर है लेकिन वह अपना अतीत भूल चुका है। इसके बाद अपने परिवार से मिलता है मगर अब वह किसी को मारे या नहीं इसी उधेड़बुन में है। अभिषेक फिल्म में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं।

## सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रिलेशनशिप में हैं नव्या नवेली नंदा?





बॉलिवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन की नवासी नव्या नवेली नंदा भले ही फिल्मों से दूर हों मगर फिर भी वह किसी सिलेब्रिटी से कम नहीं हैं। नव्या सोशल मीडिया पर भी काफी पॉप्युलर हैं और उनकी अच्छी–खासी फैन फॉलोइंग है। अब नव्या एक नए कारण से ही चर्चा में है। कुछ खबरों की मानें तो नव्या इस समय सिद्धांत चतुर्वेदी को डेट कर रही हैं। खबरों में बताया जा रहा है कि नव्या और सिद्धांत का यह रिलेशनशिप काफी सीरियस है। हालांकि अभी इस बारे में कुछ भी कन्फर्म नहीं कहा जा सकता है। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि नव्या जावेद जाफरी के बेटे मीजान जाफरी को डेट कर रही हैं। हालांकि मीजान ने एक इंटरव्यू में साफ कहा था कि वह नव्या के बहुत अच्छे दोस्त हैं लेकिन वे एक–दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। वैसे बता दें कि नव्या भले ही चर्चा में रहती हों मगर वह साफ कह चुकी हैं कि उनका बॉलिवुड में आने का कोई इरादा नहीं है। नव्या अपने पिता के बिजनस में ही उनका हाथ बंटाना चाहती हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी की बात करें तो उन्होंने 2019 में फिल्म गली बॉय से डेब्यू किया था। उनकी फिल्म बंटी और बबली 2 रिलीज हो चुकी है। फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान, रानी मुखर्जी और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# सपना चौधरी के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी

*मशहूर हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के खिलाफ लखनऊ की एक कोर्ट ने अरेस्ट वॉरंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने पुलिस को जल्द से जल्द सपना को गिरफ्तार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। पॉप्युलर हरियाणवी डांसर और बिग बॉस कंटेस्टेंट रहीं सपना चौधरी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सपना के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी कर दिया गया है।*



लखनऊ की एक कोर्ट ने कथित तौर पर बिना बताए प्रोग्राम कैंसल करने और दर्शकों का पैसा वापस नहीं किए जाने की शिकायत पर सपना के खिलाफ यह वॉरंट जारी किया है। कोर्ट ने पुलिस को 22 नवंबर तक सपना को गिरफ्तार करने का भी निर्देश दिया है। अडिशनल चीफ जूडिशल मैजिस्ट्रेट शांतनु त्यागी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 22 नवंबर तय की है। कोर्ट सपना चौधरी के खिलाफ आरोप तय करने वाली है। ऐसे में आरोपी का कोर्ट में उपस्थित रहना जरूरी है। इससे पहले सपना चौधरी ने भी कोर्ट में याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ हुई एफआईआर को रद्द किए जाने की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने यह मांग खारिज कर दी थी।

सपना के खिलाफ यह एफआईआर आशियाना पुलिस थाने में 14 अक्टूबर 2018 को दर्ज कराई गई थी। इसके मुताबिक 13 अक्टूबर को लखनऊ के स्मृति उपवन में यह प्रोग्राम होना था। रिपोर्ट में सपना के अलावा ऑर्गनाइजर जुनैद अहमद, नवीन शर्मा, इबाद अली, अमित पांडे और रत्नाकर उपाध्याय के नाम भी शामिल हैं। इस प्रोग्राम का टिकट 300 रुपये में ऑनलाइन और ऑफलाइन बेचा गया था और हजारों लोगों ने यह टिकट खरीदी थी। जब सपना चौधरी नहीं आईं तो भीड़ ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया और भीड़ की टिकट के पैसे भी नहीं लौटाए गए। बता दें कि हरियाणा की मशहूर डांसर रहीं सपना चौधरी की पॉप्युलैरिटी में तब और ज्यादा इजाफा हो गया जब उन्होंने टीवी रिऐलिटी शो बिग बॉस 10 में भाग लिया था। इसके बाद सपना चौधरी कई पॉप्युलर म्यूजिक वीडियोज में नजर आ चुकी हैं और सोशल मीडिया पर सपना की भारी फैन फॉलोइंग है।